13 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/13/2025 8:50 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा

खबर संक्षेप

एमआरपी से अधिक दर पर बेची जा रही शराब

बिजुरी। क्षेत्र के शराब दुकान में एम.आर.पी. से अधिक दर पर शराब की बिक्री का सिलसिला बेधड़क जारी है। ग्राहकों से मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं, और हैरानी की बात यह है कि बिल देने का कोई प्रावधान तक नहीं रखा गया है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि यह सीधे-सीधे राजस्व चोरी की आशंका भी पैदा करता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दुकानदार सरकारी तय मूल्य स 20 से 100 तक अधिक कीमत पर शराब बेच रहे हैं। कई बार ग्राहक बिल की मांग करते हैं तो उन्हें मना कर दिया जाता है, जिससे यह संदेह और गहरा जाता है कि यह कार्य आबकारी विभाग की मिलीभगत से हो रहा है या फिर विभाग की लापरवाही का परिणाम है। शराब की बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानों से निर्धारित मूल्य पर ही की जा सकती है। किसी भी विक्रेता को निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेना अपराध की श्रेणी में आता है। ग्राहकों को बिल देना अनिवार्य है, जिससे लेन-देन पारदर्शी बना रहे।

नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को

अंबिकापुर। होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य के चार जिलों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में संपादित होगी। होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा चार संभागीय केंद्रों में रायपुर बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र 20,137 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम वेबसाइट लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आवंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जाएगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे।

जहर खाकर महिला ने की आत्महत्या

लखनपुर। थाना अंतर्गत ग्राम लोसगा निवासी 28 वर्षीया ममता भुईया पति दुर्गा प्रसाद भुईया 11 अप्रैल की दोपहर 2 बजे चेन्नई नदी में नहाने जा रही थी। महिला के साथ उसका पति दुर्गा प्रसाद भी नहाने चला गया था। नदी में पहुंचने के बाद महिला किनारे पर बैठकर नदी के पानी से कुल्ला करने लगी,इसके साथ ही महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। जब दुर्गा प्रसाद को संदेह हुआ तो उसने महिला से पूछताछ की लेकिन पत्नी ने उसे कोई जानकारी नहीं दी। जब महिला उठने लगी तो उसका पैर लड़खड़ा रहा था। ऐसे में दुर्गा प्रसाद उसे उठाकर घर ले आया और खाना खाने को बोला लेकिन महिला ने खाना खाने से मना कर दिया। पति ने जबरदस्ती पत्नी को खाना खिलाया लेकिन इसके बाद भी महिला लड़खड़ा रही थी। संदेह के आधार पर पति ने महिला को उपचार के लिए सीएचसी लखनपुर में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत जहर खाने से हुई है लेकिन आत्म हत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

18 लाख से अधिक कीमत का माल जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

पुष्पा स्टाइल में तस्करी : 92 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

फिल्म पुष्पा की तर्ज पर गांजे की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय तस्कर को कोरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी ओडिशा के संबलपुर से छग होते हुए मध्यप्रदेश के बैढ़न गांजा खपाने ले जा रहा था। सफेद रंग की नई पिकअप गाड़ी में चेंबरनुमा बॉक्स बनाकर 92 किलो 350 ग्राम गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। बरामद गांजे की बाजार कीमत 18 लाख 20 हजार रूपए ऑकी गई है।

कोरिया जिले के टेंगनी नाका क्षेत्र में विशेष टीम ने मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर बिना नंबर प्लेट वाली सफेद पिकअप को रोका। वाहन चालाक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दिपेश कुमार साह उम्र 30 वर्ष, निवासी मझौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.) बताया। गाड़ी की बारीकी से तलाशी लेने पर पिकअप के ट्राली हिस्से में नीचे की ओर चेंबरनुमा बॉक्स मिला, जिसमें गांजे के 90 पैकेट छिपाकर रखे गए थे। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक विनोद पासवान, सहायक उप निरीक्षक पोलिकार्प टोप्पो, प्रधान आरक्षक अरविंद कौल, आरक्षक अमल कुजूर, अमरेशानंद ठाकुर, प्रदीप साहू, संदीप साय, मनोज मिंज, शिवम सिन्हा, सजल जायसवाल, राघवेन्द्र पूरी, रामायण सिंह श्याम व इलयास कुजूर सहित टीम की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

32 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त

गांजे के साथ ही तस्करी में उपयोग की गई पिकअप वाहन की कीमत 12 लाख रूपए बताई गई है। कुल मिलाकर 32 लाख 20 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना पटना में अपराध क्रं. 85/25, धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

4 अप्रैल को 11 लाख का पकड़ाया था गांजा

स्कार्पियों वाहन में पुलिस की लाल नीली बत्ती लगाकर गांजे की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को बीते 4 अप्रैल को कोरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी दूसरे राज्य से गांजे की तस्करी लंबे समय से कर रहे थे। 74 किलो 450 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया था, जिसकी कीमत करीब 11 लाख रूपए थी। आरोपी बहादुर राम कुर्रे उम्र 34 वर्ष, निवासी सूरजपुर और योगेश कुमार कुर्रे उम्र 40 वर्ष, निवासी कोरिया को पटना थाना पुलिस ने डुमरिया नाका के पास से पकड़ा गया था। आरोपी न्यू स्कॉर्पियों एन (सीजी 04 क्यूसी-7406) पर पुलिस की लाल-नीली बत्ती लगाकर तस्करी कर रहे थे।

तेज हवाओं के साथ फिर बरसे बदरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चढ़ते पारे के बीच पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम ने करवट बदली, जिसके कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

■ इन दिनों रोजाना बदल रहा मौसम

कोरिया जिले में रविवार को भी इसी प्रभाव के कारण दोपहर में अचानक बौछार पड़ने के साथ ओला भी गिरे। रविवार को सुबह तो धूप खिली थी, लेकिन दोपहर में अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला और तेज हवाओ के साथ दोपहर के समय कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में करीब 10 मिनट तक बौछार पड़ी, इस दौरान ओले भी गिरे। इसके बाद मौसम खुल गया और शाम तक मौसम सुहाना बना रहा। वर्तमान में बेमौसम बारिश के कारण गेहूं की पकी फसल को नुकसान पहुंचा। हालांकि जिले के ज्यादातर क्षेत्रों में पके गेहूं की कटाई कर ली गई है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में किसान अब तक अपने खेतों में पके गेहूं की कटाई नहीं कर पाए हैं, ऐसे किसानों को बे मौसम बारिश के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। बे मौसम बारिश एवं ओले के कारण गेहूं की क्वालिटी पर असर पड़ सकता है, जिससे कि बाजार में अच्छी कीमत मिलना मुश्किल होगा।

आज से खुलेगा मौसम, चढ़ेगा पारा

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 14 अप्रैल से मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा, इससे तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगा। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आज का तापमान अधिकतम 35 डिग्री रहेगा, दूसरे- तीसरे दिन एक-एक डिग्री की बढ़ोतरी होती जाएगी, इसके बाद गुरूवार को पारा 39 पर पहुंच जाएगा। इस तरह अब लगातार मौसम के साफ रहने से तेज गर्मी के असर का सामना करना पड़ेगा।

वक्फ संशोधन कानून पर जनजातीय गौरव समाज ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वक्फ संशोधन कानून लाने पर जनजातीय गौरव समाज छग के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने इसे आदिवासी समाज के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय बताया है। श्री पैकरा ने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से अब संविधान की पांचवीं और छठवीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की किसी भी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा, इससे जनजातीय समुदायों की भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और उनकी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रशासनिक और न्यायिक पारदर्शिता को भी बढ़ावा देगा तथा लंबे समय से चल रहे भूमि स्वामित्व और अतिक्रमण संबंधी विवादों का समाधान करेगा। यह निर्णय जनजातीय बहुल क्षेत्रों में संतोष और सशक्तिकरण की भावना लेकर आया है।

श्री पैकरा ने महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू तथा जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इन सभी नेताओं की प्रतिबद्धता, नेतृत्व क्षमता और संवेदनशील दृष्टिकोण के कारण यह विधेयक संभव हो सका। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि आपके प्रयासों से देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और जनजातीय समाज को न्याय और अधिकार मिल रहा है।

खनिज विभाग राजस्व वसूली में अव्वल

बैकुण्ठपुर। जिला कोरिया ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज राजस्व वसूली के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। निर्धारित 8600 लाख रूपए के लक्ष्य के मुकाबले जिले ने 11586.14 लाख रूपए का राजस्व अर्जित कर 134.72 प्रतिशत की उल्लेखनीय प्राप्ति दर्ज की है। जिला खनिज कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सफलता खनिज संसाधनों के कुशल प्रबंधन, सतत निगरानी तथा पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी कोरिया जिले ने 74.57 करोड़ रूपए के लक्ष्य के विरूद्ध 106.52 करोड़ रूपए का संग्रहण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की थी। कोरिया जिले का यह प्रदर्शन राज्य के कुछ जिलों के लिए प्रेरणा बन गया है। जिले की इस सफलता पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

एसईसीएल से अधिग्रहित जमीन मामले को लेकर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन के बदले लंबे समय से नौकरी व मुआवजा की मांग करने वाले खोंड़, सोरगा, टेमरी के पीड़ित किसानों की मांग पूरी नहीं होने के कारण सभी एकजुट होकर रविवार को सोरगा चौक में कोल परिवहन रोकर कर अनिश्चितकालीन चक्काजाम एवं आंदोलन शुरू कर दिया गया, जिससे रविवार को दिनभर एसईसीएल पाण्ड़वपारा एवं झिलिमिली कोयला खदान से उत्पादित कोयले का कटोरा साईडिंग तक परिवहन ठप्प रहा।

चक्काजाम करने वाले पीड़ित किसानों को चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन समाप्त कराने के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं एसईसीएल के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समझाईश दी ,लेकिन चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं हुआ। धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम कर रहे पीड़ित किसानों ने अधिकारियों से कहा कि हमारी भूमि को एसईसीएल पाण्ड़वपारा के द्वारा पिछले 15 मई 1989 से 18 जुलाई 1992 तक की समय से किए गए अधिग्रहण के एवज में 36 वर्षों के बाद भी मुआवजा या नौकरी नहीं दिया गया, इसलिए हमने एसईसीएल से 40 वर्षों का पूर्ण रोजगार 0.01 आरए भूमि के हिसाब से या एक कालरी कर्मी जो भूमि के बदले रोजगार प्राप्त करके जितना राशि प्राप्त किया उतनी राशि के साथ एरियस, बोनस और सेवानिवृत्त होने के बाद एक मुश्त जमा राशि देय हो या 35-36 वर्षों का हर्जाना 5 लाख रूपए प्रतिवर्ष एवं जमीन की वापसी या 8 लाख रूपए प्रति डिस्मील के हिसाब से मुआवजा या 2 करोड़ रूपए प्रति एकड़ के हिसाब से दिया जाए, यह मांग किया जा रहा है।

विदित हो कि अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम आंदोलन की सूचना प्रदर्शनकारी पीड़ति किसानों के द्वारा एसईसीएल एवं जिले के संबंधित अधिकारियों को पहले से ही दे दी गई थी, इससे रविवार को चक्काजाम आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन शून्य होने से पहले ही सोरगा चौक में स्थानीय एवं जिले की पुलिस बल तैनात हो गई थी। सुबह धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम शुरू हुआ, तब से लेकर दिनभर जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी एवं एसईसीएल के संबंधित अधिकारी पीड़ित किसानों को समझाईश देकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन समाप्त कराने का प्रयास करते रहे, लेकिन सभी पीड़ति किसान दिनभर अपनी मांगों को लेकर चक्काजाम आंदोलन और धरना प्रदर्शन में डटे रहे। वहीं चक्काजाम होने के कारण झिलिमिली एवं पाण्ड़वपारा कोयला खदान से कटोरा साईडिंग तक होने वाली कोल ट्रांसपोर्ट दिनभर ठप्प रहा, इससे एसईसीएल को लाखों रूपए का नुकसान हुआ।

धरना-प्रदर्शन करते लोग।

पत्नी ने गला घोंटकर पति को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बकना कला में उस समय हड़कंप मच गया जब युवक को घर में संदिग्ध हालत में शव मिला।

■ पुलिस ने आरोपी पत्नी को किया गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

इधर प्रत्यक्ष दर्शी मृतक के बेटी के अनुसार उसकी हत्या कोई और नहीं बल्कि उसकी पत्नी ने की है। नशे की गोली खिलाने के बाद पत्नी ने पहले पति के हाथ पैर बांधे फिर प्लास्टिक से मुंह नाक बंद करने और अपने दुप्पटा से गला घोट मौत के घाट उतार दिया। इधर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ करने में जूट गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले में विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बकना कला निवासी मो. उम्मत आ. बदरूद्दीन (32 वर्ष) बीती रात अपने घर में सो रहा था। आज सुबह युवक अपने बिस्तर में मृत हालत में पड़ा हुआ था। घटना की सूचना तत्काल लुंड्रा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच हत्या करने की आशंका पर पत्नी मेहरून निसा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इ

धर मृतक की पुत्री ने लोगों को बताई की उसके पिता की हत्या कोई और नहीं बल्कि उसकी मां ने की है। सो रहे पिता के हाथ पैर बांधने के बाद प्लास्टिक से मुंह बंद करने के बाद दुप्पटा से गला दबा दिया। इधर गांव वालों का कहना है कि पूर्व में आरोपी महिला पति को छोड़ कर जा चुकी थी। पति ने किसी तरह उसे वापस लेकर आया लेकिन पत्नी अक्सर मोबाइल से किसी दूसरे से बात करने में व्यस्त रहती थी। जिससे दोनों के बीच अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होता था।

बहरहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। साथ ही युवक की मौत पत्नी द्वारा किए जाने से इनकार किया है और युवक के जहर खाने की बात सामने आ रही है। युवक की हत्या हुई है या जहर खाने से हुई है यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व पुलिस के जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

घटनास्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

144 हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर नहीं किया गया चावल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

हितग्राहियों को प्रदान किए जाने वाले चावल पर जनप्रतिनिधियों ने ही डाका डाल दिया। समूह संचालन करने वाले लोगों ने 144 हितग्राहियों से ई पोश मशीन में अंगूठा लगवा लिया लेकिन उन्हें चावल का वितरण नहीं किया गया। सभी ने मिलकर 44 क्विंटल चावल की हेराफेरी कर ली। मामले की शिकायत हुई जो इस अनियमितता का खुलासा हुआ।

शिकायत की जांच के बाद खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर रघुनाथनगर पुलिस ने जनपद उपाध्यक्ष की पत्नी, पूर्व सरपंच, पूर्व सरपंच पति समेत पांच लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा अब मामले की जांच के बाद दोषियों के गिरफ्तारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम बेबदी के ग्रामीणों विनोद कुमार, फुलकुंवर पण्डो, धर्मेन्द्र, शिताराम, हरिनारायण सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि शासकीय उचित मूल्य दुकान बेबदी के संचालक द्वारा उन्हें मार्च महीने में ई-पोश मशीन में अंगूठा लगवा लिया गया लेकिन उन्हें चावल का वितरण नहीं किया गया। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए थे।

चल रही है जांच

ग्राम बेबदी के ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि ई-पोश मशीन से मार्च 2025 में अंगूठा लगवाने के बाद चावल का वितरण नहीं किया गया। इस मामले की एसडीएम ने कराई। जांच में पुष्टि हुई है कि 44 क्विंटल चावल का वितरण हितग्राहियों को नहीं हुआ। खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर इस मामले में दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया और जांच चल रही है।

-राम अवतार
एसडीओपी

अक्षय तृतीया के लिए सज गया बाजार

खरमास खत्म : अब मांगलिक कार्य होंगे शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खरमास समाप्त हो जाने के साथ ही अब शादी विवाह का शुभ मुहूर्त शुरू हो गया, इसके अलावा अन्य तरह के मांगलिक कार्य की भी शुरूआत होगी।

उल्लेखनीय है कि बीते 14 मार्च को सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करने के साथ ही खरमास शुरू हो गया था, जो कि चालू माह के 13 अप्रैल की रात्रि में सूर्य के मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही खरमास समाप्त हो गया। इस तरह आज 14 अप्रैल से पुनः विवाह समारोह की धूम रहेगी। हिन्दू धर्म में खरमास लगने के दौरान विवाह, मुंडन संस्कार, गृह प्रवेश सहित अन्य तरह के शुभ कार्यों पर विराम लग जाता है। यही कारण है कि लोग खरमास के दौरान किसी तरह की



कोई भी शुभ कार्य करने से परहेज करते हैं। खरमास समाप्त हो जाने से अब आज से विवाह समारोह की शुरूआत हो जाएगी। वैसे तो लोग शादी-विवाह के लिए तैयारियों को लेकर पहले से ही आवश्यक व्यवस्था बनाने का कार्य शुरू कर दिए थे और खरमास समाप्त होने का इंतजार कर रहे थे। सभी तैयारियां पूर्ण पहले ही कर ली गई है।

अब विवाह के मुहूर्त के दिन शादी-विवाह का उत्साह रहेगा। अप्रैल माह में आज से माह के अंत तक आधा दर्जन से अधिक शुभ मुहूर्त है, वहीं अगले माह मई में सबसे अधिक विवाह के मुहूर्त पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल से 6 जुलाई तक दो दर्जन से अधिक विवाह के मुहूर्त पड़ रहे हैं। इस दौरान जिलेभर में जमकर विवाह संस्कार संपन्न कराए जाएंगे, सबसे अधिक विवाह मई माह में होगी। ⏭शेष पेज 4 पर

अक्षय तृतीया में खूब बजेगी शहनाई

अप्रैल माह के अंत में 30 अपैरल को अक्षय तृतीय पड़ रही हैं, इस दिन अपने आप में अबूझ मुहूर्त होता है यानी इस दिन बिना विचार किए कोई भी शुभ कार्य किया जाता है, जिसका प्रभाव शुभ होता है। यही कारण है कि आगामी 30 अपैरल अक्षय तृतीया के दिन सबसे अधिक शादियां होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह उत्सव की धूम मची रहती है। हर कोई इस अबूझ मुहूर्त में विवाह करना अधिक पसंद करते हैं।

खरीदी के लिए बाजार में चहल-पहल

शादियों का मौसम शुरू होने के साथ ही बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। विवाह के लिए जरूरी सामानों की खरीदी के लिए लोग शहर में पहुंचने लगे हैं। कपड़ों से लेकर किनारा सामान, ज्वेलरी दुकानों में लोगों की भीड़ जुट रही है, इसके चलते बाजार में अब चहल ज्यादा देखने को मिल रही है।

अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनी

मनेन्द्रगढ़। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित भाषण, कविताएं प्रस्तुत किए, जिसमें उनके संघर्षों, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को दर्शाया गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ.बसंत तिवारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं। उनके विचार आज भी हमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे की प्रेरणा देते हैं। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहेब के विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

13-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/13/2025 8:52 PM Page 1

खबर संक्षेप

अच्छी सी लड़की देखकर शादी करवा दीजिए, सुशासन तिहार में आया आवेदन

अंबिकापुर। प्रदेश में चलाए जा रहे सुशासन तिहार में एक से एक अनोखे आवेदन आ रहे है। हाल ही में मैनपाट के युवक द्वारा ससुराल और

बाजार जाने के लिए बाइक मांगने का मामला सामने आया था और अब एक ग्रामीण ने अपनी शादी कराने का आवेदन सुशासन तिहार में किया है। शहर से लगे भाफौली निवासी 46 वर्षीय मनोज टोप्पो ने सुशासन तिहार में आवेदन दिया है की उसकी शादी अ तक नहीं हुई है और उसके घर वाले भी उसकी शादी नहीं करवा रहे है। इस लिए उसने शासन से मांग की है कि अच्छी सी लड़की देखकर उसकी शादी करा दी जाए। इस मामले में मनोज टोप्पो का कहना है कि वह अपनी मां के साथ रहता है जबकि उसके भाइयों की शादी हो चुकी है और सभी अलग रहते है। मनोज की शादी को लेकर परिवार के लोग ध्यान नहीं दे रहे है और जब वो कहीं लड़की देखने जाता है तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है इस लिए उसकी अंतिम उम्मीद शासन से है। मनोज का कहना है कि अब शासन के ऊपर है वो उसकी शादी कराते है या नहीं कराते है।

साधुराम विद्या मंदिर में किया गया स्केटिंक का प्रदर्शन

सूरजपुर। साधु राम विद्या मंदिर में आज एक विशेष स्केटिंग प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर के स्केटिंग खिलाड़ी जगजीत सिंह भट्ट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्केटिंग की विभिन्न शैलियों को प्रस्तुत किया। उनके रोमांचक कौशल और अनोखे अंदाज ने सभी विद्यार्थियों और उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगजीत सिंह भट्ट ने छात्रों को स्केटिंग के विविध तकनीकी पहलुओं और संतुलन बनाए रखने के तरीकों से अवगत कराया। उनके शानदार प्रदर्शन से प्रेरित होकर विद्यालय ने निर्णय लिया है कि छात्रों के लिए स्केटिंग कक्षाएं आयोजित की जाएगी, जो आगामी 15 अप्रैल से प्रारंभ होंगी। इन कक्षाओं में इच्छुक विद्यार्थी स्केटिंग के गुर सीख सकेंगे और अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, दिन दयाल तिवारी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

मवेशी तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

राजपुर। मवेशी तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बर 2024 को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जमड़ी मुख्य मार्ग के पास एक पिकअप वाहन को रोने का प्रयास किया लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने जब पिकअप वाहन का पीछा किया तो चालक वाहन को जंगल किनारे खड़ा कर भाग निकला। इस दौरान पुलिस ने पिकअप क्रमांक जेएच 19 ई 5737 से चार रास बैल, तीन रास गाय, तीन रास बछिया समेत कुल दस मवेशियों को बरामद किय था। मवेशियों को प्लास्टिक रस्सी से बांधकर बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। पुलिस ने पिकअप नम्बर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर झारखंड के महुआडांड निवासी 31 वर्षीय जाहिद अली आ. जहर अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

भाजपा कार्यालय में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। 11 अप्रैल को भाजपा कार्यालय में घुसकर चोरों ने लोहे का छड, एंगल की चोरी कर ली थी। इस मामले की शिकायत गौतम सिंह आ. जगदीश सिंह ने पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गणेशमोड़ चौकी अंतर्गत सागरपुर निवासी 28 वर्षीय मुकेश खलखो उर्फ धुक्का आ. आशा दान खलखो, बलरामपुर वार्ड क्रमांक 3 निवासी 36 वर्षीय आनंद कुमार यादव आ. स्व. विजय नाथ यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया लोहे का रॉड बरामद किया गया है।

मंदिरों में पूरे दिन चलते रहे धार्मिक अनुष्ठान, हुआ विशाल भंडारा

श्रद्धाभाव से मनाया गया पवनपुत्र का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर सहित पूरे जिलेभर में पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए। विघ्न-बाधाओं की शांति के लिए मंदिरों में अखण्ड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ, अखण्ड राम नाम संकीर्तन एवं हवन पूजन किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सभी हनुमान मंदिरों में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

खास बात
- जन्मोत्सव पर किया गया हनुमान प्रतिमा का सिंदुर से श्रृंगार

शनिवार को सभी हनुमत मंदिरों में पवन पुत्र का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। भगवान राम के प्रति हनुमान जी के अनुराग से प्रेरित होकर अधिकांश मंदिरों में शुक्रवार को प्रारंभ अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहुति की गई। शहर के स्कूल रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह पवनपुत्र की आरती एवं विशेष पूजन किया गया। पूजन उपरांत ध्वज स्थापित किया गया। इस अवसर पर हनुमान प्रतिमा एवं मंदिर परिसर की विशेष सजावट की गई थी। शहर के स्कूल रोड, डीसी रोड, कलेक्टोरेट परिसर, दत्ता कॉलोनी, गांधी नगर हनुमान मंदिर में पूरे दिन पूजा-अर्चना व भंडारा चलता रहा। शनिवार के दिन हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु अपने जीवन की विघ्न बाधाओं से राहत के लिए हनुमान चालीसा के पाठ सहित अन्य अनुष्ठान करते रहे। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में अखण्ड भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारा सुबह 7.30 बजे से मध्यरात्रि तक चला। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शहर के अन्य हनुमान मंदिरों में भी पूरे दिन रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन-कीर्तन चलता रहा

डीसी रोड हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

लमगांव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

हनुमान जन्मोत्सव पर लमगांव स्थित स्वयं प्रकट हनुमान मंदिर में पूजा करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु सुबह 5 बजे से ही मंदिर में पहुंचने लगे। जन्मोत्सव पर मंदिर की भव्य साज-सज्जा करने के साथ ही अखण्ड रामायण पाठ के उपरांत हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हनुमान प्रतिमा का सिंदुर से श्रृंगार किया। श्रृंगार एवं पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा। जन्मोत्सव पर सरगुजा के साथ ही अन्य जिलों के श्रद्धालु भी मंदिर पहुंचे तथा पवन पुत्र की पूजा की।

23 वर्षों से चल रहा अखण्ड रामायण पाठ

स्वयं प्रकट हनुमान मंदिर में वर्ष 2002 में अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ किया गया था। मंदिर में तब से अब तक निरंतर रामायण का अखण्ड पाठ किया। जा रहा है। रामायण पाठ के प्रति क्षेत्रवासियों व मंदिर समिति के सदस्यों का उत्साह अनुकरणीय है। रामायण पाठ बाधित न हो इसलिए क्षेत्रवासी 24 घंटे मुस्तैद रहते हैं जिम्मेदारी पूर्वक दिन-रात रामायण के पाठ में झूमते रहते हैं।

भक्तिभाव से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

बिश्रामपुर। कोयलांचल समेत आसपास के ग्रामीण इलाके में आज शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर जगह जगह विविध अनुष्ठान किए गए। पूरे दिन भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया गया। गौरतलब है कि नगर के संकटमोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे से सहस्त्रार्चन पूजन एवं अभिषेक के अलावा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के अलावा सवामनि का भोग लगाया गया। साथ ही दोपहर 12 बजे से हवन पूजन एवं अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया गया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से अखण्ड भण्डारा प्रारंभ किया गया। यहां पर हनुमान जन्मोत्सव पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पहुंचकर मत्था टेक प्रदेशवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव को सफल बनाने में मुख्य पुजारी बाल कृष्ण गर्ग, भोला महाराज, यजमान सुभाष गोयल, सुशील जैन, विजय गोयल, दिनेश गोयल, मोहन गोयल, विजय गोयल, गुड्डू मिश्रा, कृष्ण कुमार गोयल बल्लू, शैलेश सिंह, सुरेश चंदेल, पूर्णवाशी, अनीता गोयल, भावना मित्तल, नेहा तायल, सोनू गोयल, पुष्प गोयल व अन्य सक्रिय रहे। इसी तरह ग्राम पार्वतीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव पर सहस्त्रार्चन के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। ग्राम करवां में स्थित दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर विधिवत पूजा अर्चना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ गायन किया गया। करवां सड़कपारा में दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजन हवन कर लड्डू का भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के सदस्यों द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर रेलवे स्टेशन प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके अलावा जयनगर थाना प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर बजरंग दल, दुर्गावाहिनी द्वारा भंडारा दिया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आज क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल निर्मित हो गया।

बस स्टैंड में बजरंग दल ने सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित-बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के बस स्टैंड में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के बगल में बजरंग दल एवं कथावाचक आचार्य चंद्रेश महाराज द्वारा हनुमान चालीस पाठ कर आरती की गई। आरती कर महाप्रसाद वितरण किया गया। महाप्रसाद में लस्सी, खीरा व तरबूज वितरण किया गया। साथ ही बजरंग दल द्वारा सफाई कर्मचारियों को भगवा गमछा पहानाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुजीत सिंह, विपुल सिंह, रंजीत यादव, आदित्य गिरी, आशीष ठाकुर व अन्य सक्रिय रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा, हुआ संकीर्तन

मैयाथान। हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम बड़सरा स्थित राम मंदिर में हरिनाम संकीर्तन किया गया। जिसमें पांडवपारा से बाइक रैली में आए हनुमान भक्त शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद बड़सरा चौक पर भाजपा कार्यकर्ता अश्वनी जायसवाल, रमेश यादव ने रैली का स्वागत कर जलपान कराया। जिसके बाद रैली टेंगनी के लिए रवाना हुई। शनिवार को पांडवपारा हनुमान मंदिर में पूजा पाठ के बाद झांकी के साथ बाइक रैली प्रारंभ हुई। बड़सरा राम मंदिर पहुंच श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ की। बड़सरा चौक से रैली को टेंगनी, पांडवपारा के लिए रवाना किया गया। रैली में नगर के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जनपद सदस्य रंजीत मंडल, सरपंच मंगल सिंह, अजय जायसवाल, रमन जायसवाल, रामानंद यादव, बजरंग दल, संघ कार्यकर्ताओं ने भगवा ध्वज लेकर रैली का नेतृत्व किया। मार्ग में जगह-जगह फूल बरसाकर रैली का स्वागत किया गया। राम मंदिर में शनिवार सुबह 6 बजे से राम-नाम संकीर्तन प्रारंभ किया गया जो शाम 6 बजे समाप्त हुआ। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस दौरान रामलाल यादव, हरिकिशन गोस्वामी, शिव दयाल साहू, रामप्रकाश साहू, रामप्रताप साहू, मनोहर सिंह, रामनारायण यादव सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

हनुमान जन्मोत्सव पर किया गया विधि-विधान से हवन-पूजन

रामानुजगंज। मध्य बाजार में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव विधिवत पूजन हवन करते हुए मनाया गया। मान्यता है कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान की विधि-विधान से पूजा करने पर वे प्रसन्न होते हैं और जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस अवसर पर पूजन हवन पश्चात मंदिर मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ तथा उपस्थित भक्तों द्वारा महाआरती करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान अजय सोनी, विकास दुबे, मनोज तिवारी, अजय गुप्ता, पुजारी धनंजय मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, एसपी निगम, अरुण केसरी, अमित गुप्ता, आशीष गुप्ता, धर्म प्रकाश केसरी सहित अन्य हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार पूजा अर्चना के लिए लग गई थी। हनुमान मंडली द्वारा विविध आयोजन कराए गए। जिसमें सुंदरकांड का संपूर्ण पाठ, महाप्रसाद का वितरण कराया गया। शाम को विभिन्न हिंदू संगठनों एवं बजरंग दल द्वारा बाजे गाजे के साथ हनुमान मंदिर से जुलूस निकाला गया जो प्रमुख चौक चौराहे होकर राम मंदिर में जाकर समाप्त हुआ। गौरतलब है कि नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर जो शहर के बीचो-बीच स्थित है। वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव की भव्यता देखते बनती है। मंदिर के मुख्य पुजारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि पट खुलते ही भक्तों की लंबी कतार पूजा अर्चना के लिए लग गई थी जो दोपहर तक बनी रही। श्री मिश्रा ने बताया कि हनुमत पूजन, ध्वजा पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया जनसंपर्क

अम्बिकापुर। सुशासन तिहार के अंतर्गत गांव चलो, घर चलो के तहत मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने घन जनसंपर्क कर लोगों से रूबरू हुई। सर्व प्रथम बिश्रामपुर के हनुमान मंदिर में भगवान बजरंगबली की विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद ग्राम बिहारपुर पहुंचकर लोगो से रूबरू हुई और उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही सरकार की कई कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी दी। इसके पश्चात ग्राम पंचायत महेशपुर व हीराडबरी मे पहुंचकर लोगो से भेंट मुलाक़ात कर उनके समस्याओं को सुना। अगले चरण से पहले लटोरी स्थित शक्तिपीठ मां कालिमंदिर में दर्शन की। अभियान के तहत ग्राम पंचायत द्वारिकानगर एवं छत्तरपुर के ग्राम वासियों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या हो चाहे बिजली, पानी, स्वास्थ, राशन कार्ड, राजस्व किसी भी विभाग का उसे निः संकोच बतावे। कार्यक्रम मे मुख्य में जनपद अध्यक्ष स्वाती संत सिंह, उपाध्यक्ष मनमत बच्चाड़, जिला पंचायत सदस्य किरण केराम, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा, मंडल अध्यक्ष ठाकुर पैकरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र भारती, जनपद सदस्य दशरथ सिंह, मोहन लाल चेरवा, संजु सिंह, धन-कुमार पैकरा, सरपंच ज्ञान चंद सिंह, कँवल बिहारी सिंह, कमला सिंह, नीरूपा सिंह, सुरजीत सिंह, घर भरन सिंह, जनपद सीईओ बिनोद सिंह, बीएमओ डॉ. अमित भगत, एवीओ गिरवर धारी यादव सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

सीसीएफ पर मनमानी का आरोप, आंदोलन की तैयारी में वन कर्मचारी संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन कर्मचारी संघ ने मुख्य वन संरक्षक पर मनमानी करने एवं पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर वन कर्मियों पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। सीसीएफ की कार्रवाई के विरुद्ध संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री सहित संभाग के अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंप वस्तु स्थिति से अवगत करा रहे है। सीसीएफ की कार्रवाई के विरुद्ध संघ संभागीय काम बंद आंदोलन करने की भी तैयारियां कर रहे है।

- वन कर्मियों को पूर्वाग्रह ग्रसित होकर निलंबित करने का लगाया आरोप
- जनप्रतिनिधियों से की शिकायत

गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगल जलने की घटनाएं तेज हो गई है। आए दिन जंगल में आग लगने की घटनाएं हो रही है। वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को कहना है कि वन अमला अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार जंगल की आग बुझाने को कोशिश कर रहा है। स्टाफ की कमी होने के कारण बिना संसाधन एक बीट गार्ड को 2-3 बीट की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। आग से सुरक्षा के लिए कर्मचारियों को आवश्यक संसाधन तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं जिससे आग पर काबू पाने में उन्हें दिन रात मशक्कत करनी पड़ती है। इतना कुछ करने के बावजूद सक्षम अधिकारी इस समस्या के समाधान का उपाय न कर निर्दोष कर्मचारियों को निलंबित कर रहे है। कर्मचारी अपनी योग्यता के अनुसार अपने पदीय दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद मुख्य वन संरक्षक आरोप लगा रहे है कि डीएफओ से लेकर वन रक्षक तक कोई भी काम योग्य नहीं हैं। संघ पदाधिकारियों ने सीसीएफ पर 60 कर्मचारियों को निलंबित करने की चेतावनी देने एवं आदिवासी कर्मचारियों के प्रति दुर्भावना रखने का आरोप लगाया तथा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से की है। सीसीएफ ने हाल ही में लक्ष्मणगढ़ जंगल में अवैध कटाई के आरोप में वन परिक्षेत्र उदयपुर 3 वन कर्मियों को निलंबित किया है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि सीसीएफ के निर्देश पर उड़नदस्ता दल अवैध कटाई की जांच करने गया था। दल के सदस्यों ने एक घंटे 295 हेक्टर क्षेत्रफल के जंगल में अवैध कटाई की जांच की खानापूर्ति पूरी की एवं पुराने सुखे ठूठों की गिनती कर रिपोर्ट तैयार कर ली। निलंबन के पूर्व न तो संबंधित कर्मचारियों को नोटिस दी गई न ही उनका पक्ष सुना गया। इस तरह बलरामपुर एवं अन्य वन मंडलों में भी कर्मचारियों को निलंबित करने की तैयारी की जा रही है। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की निलंबित करने के लिए सीसीएफ पर डीएफओ पर दबाव डालने का आरोप लगाया है तथा सीसीएफ के कार्य व्यवहार में अंतर नहीं आने पर संभाग स्तरीय आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि एक साथ दो-तीन बीट की जिम्मेदारी संभालने के कारण वनपाल काफी तनाव में जीवन यापन कर रहे है। किसी भी समस्या के समाधान की योजना बनाना सक्षम अधिकारी का काम है। कर्मचारी पूरी निष्ठा से योजना का क्रियान्वयन करते है। बिना दोष कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई न्याय संगत नहीं है। संघ का प्रतिनिधिमंडल द्वारा सीसीएफ को वस्तु स्थिति से अवगत कराने गया था। उन्होंने कर्मचारियों की बात सुने बिना अन्य 40 कर्मचारियों को निलंबित करने की चेतावनी दी है जिससे कर्मचारी भयभीत है। ऐसे में आंदोलन न करने के अतिरिक्त हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इस संबंध में सीसीएफ वी मातेशरन ने बताया कि जंगल की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस बार जंगल में आग लगने की रिकार्ड घटनाएं हुई है। मैने आग लगने की 30 घटनाएं होने पर संबंधित कर्मचारियों को निलंबित करने की चेतावनी दी है। लक्ष्मणगढ़ जंगल की जांच में 90 पेड़ की कटाई होने के साक्ष्य मिले है।

दलधोवा घाटी में 50 फीट गहरी खाई में गिरा ट्रक

बलरामपुर। एनएच 343 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात पुनः क्लिंकर लोड ट्रक दलधोवा घाटी में 50 फीट नीचे खाई में गिर गया। गनीमत रही कि दुर्घटना में चालक की जान बाल बाल बच गई। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर की तरफ से क्लिंकर लोड ट्रक क्रमांक सीजी 04 एन टी 8747 रामानुजगंज होते हुए औरंगाबाद की ओर जा रहा था। इस दौरान दलधोवा घाटी पर शिव मंदिर के समीप ट्रक से साइड लेने के चक्कर ने तेज रफ्तार ट्रक ने अपना नियंत्रण खो दया और ट्रक 50 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग और यातायात की टीम द्वारा चालक झारखंड के छतरपुर निवासी 30 वर्षीय नागेंद्र यादव व परिचालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उसलापुर में आरएसआर अपार्टमेंट का शुभारंभ आज

बिलासपुर। यदि आप एक सुंदर, सुरक्षित और किफायती घर की तलाश में हैं, तो अब इंतजार खत्म होने वाला है। बाजपेयी बिल्डकॉन इंडिया प्रा. लिमिटेड और ऋतुराज स्टील प्रा. लिमिटेड ला रहे हैं शानदार आवासीय परियोजना – आरएसआर अपार्टमेंट', जो अल्का एवेन्यू उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास और 37 मॉल के समीप स्थित है। इस प्रोजेक्ट का भव्य शुभारंभ 14 अप्रैल सोमवार को शाम 7 बजे फीता काटकर स्वदेश रिछारिया के हाथो और भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट स्व. रविशंकर रिछारिया की स्मृति में निर्मित किया गया है, जो इसे एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पहल बनाता है। आरएसआर अपार्टमेंट हर आम नागरिक के सपनों का घर हो सकता है। यहां 48 आधुनिक 2 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध हैं,

बिजनेस न्यूज

जिसकी कीमत 25 लाख से कम से शुरू है। साथ ही, ग्राहकों को 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है। परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी लोकेशन और खुला हरा भरा वातावरण है।

भरपूर ओपन स्पेस के साथ यह प्रोजेक्ट निवासियों को खुलापन, हरियाली और स्वच्छ वातावरण प्रदान करता है। नए बिलासपुर रेलवे स्टेशन के रूप में डेवलप होते उसलापुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं से भरपूर है। साथ ही साथ ये शहर के अंदर निर्माणाधीन एकलौती मेगा रेसिडेंशियल सोसाइटी है। इसके अलावा अलका अवेन्यू में विभिन्न साइज के सीमित प्लॉट्स भी उपलब्ध हैं जो 1600, 1760, 1815, 1980, 2520 और 3150 वर्गफुट तक के हैं। हर परिवार अपनी जरूरत के अनुसार इसे ले सकते हैं। अलका एवेन्यू की चौड़ी सड़के हरा भरा वातावरण बरबस ही लोगो को अपनी और आकर्षित कर लेता है।

जिसकी वजह से आस पास से लोग यहां मॉर्निंग वॉक करना बहुत पसंद करते हैं। बाजपेयी ग्रुप की विश्वसनीयता की गवाही 3000 प्लस संतुष्ट ग्राहक और पूर्व की सफल परियोजनाएं देती हैं। जैसे होटल ईस्ट पार्क, चंद्रा पार्क, पारिजात एक्सटेंशन, सिद्धिविनायक हाइट्स, बाजपेयी चेंबर्स, एचएन बाजपेयी टावर, परिजात हाइट्स, पारिजात कैसल, बाजपेयी कैसल, बाजपेयी पवेलियन, बाजपेयी एम्बेसी, जगन्नाथपुरम, रोहिणी विहार, एबी कैसल, वाइल्ड रिसोर्ट और क्लब रॉयल पार्क आदि हैं।

पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोतवाली पुलिस ने शहर के झंझट पारा में युवक की हत्या करने तथा शव को नाला में फेंक देने के मामले में घटना के 24 घंटे के भीतर ही मुख्य आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया। हत्या का आरोपी कोई और नहीं बल्कि फूल दुकान संचालक का छोटा भाई संजू यादव ही निकला जो भाई के ज्यादा करीबी और विश्वासपात्र होने पर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। साथ ही अब भी पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच करने में जुटी हुई है।

पुलिस के मुताबिक दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी निवासी मनोहर यादव ने कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई जुगनू ऊर्फ मनबोध यादव (22 वर्ष) जो करीब 6-7 साल से झंझटपारा निवासी बिरबल यादव के पास रहकर सरस्वती शिशु मंदिर के समीप कलकता फ्लावर दुकान में काम करता था और रात को बीरबल यादव के फुल गोदाम में सोता था। गत दिन सुबह करीब 6 बजे करीब चचेरा भाई गिरिजा प्रसाद को गांव के लोग बताया कि जुगनू कही गायब हो गया हैं। जिस पर चचेरा भाई गिरजा प्रसाद एवं अन्य के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर नमनाकला झंझटपारा बीरबल यादव के घर जाकर देखे तो बीरबल घर में था, लेकिन कुछ भी बात नहीं किया तब बीरबल के फुल गोदाम में जाकर देखा तो जुगनू नहीं था। कमरे लगे बिस्तर में खून से सना था।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बिस्तर पर दो छोटा हडडी व तीन दांत का टुकडा पड़ा हुआ था। साथ ही कमरे मे ही खून से सना हुआ ईट पडा हुआ था और घर के दरवाजे सहित दरवाजे के बाहर रास्ते मे भी जगह जगह खून गिरा हुआ था। दरवाजे के करीब 7-8 मीटर दुरी पर एक बडा से नाली मे जुगनू का शव औधे मुंह पड़ा हुआ था। आशंका व्यक्त किया गया है कि संजू यादव जुगनू के चेहरे में ईट से मारकर हत्या कारित कर दिया हैं। घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

13-April- JAS-KORIYA-RAG- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/13/2025 7:43 PM Page 1

कार्तिक अगली फिल्म में सांप से लड़ेंगे, शीर्षक से उठा पर्दा...

मुंबई। अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों सफलता के रथ पर सवार हैं। पिछली बार वह फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आए थे, जिसमें हमेशा की तरह उनके काम को काफी सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने खूब नोट छापे। आने वाले समय में कार्तिक कई चर्चित फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। इन्हीं में से एक करण जौहर और महावीर जैन की फिल्म है। आखिरकार अब कार्तिक की इस फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक, करण और महावीर की फिल्म का नाम 'नागजिला' रखा गया है। यह हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गॉडजिला' से प्रेरित है। फिल्म की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी है।

लाइफ Style

मोनिका

एंगी नजर, ट्रेलर जारी

एजेंसी ⏭ मुंबई

ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की आगामी वेब सीरीज 'खौफ' की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। इसमें मोनिका पंवार, रजत कपूर, गीतांजलि कुलकर्णी और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'बिग बॉस 18' की प्रतियोगी चुम दरांग भी इसका हिस्सा हैं। आखिरकार अब निर्माताओं ने 'खौफ' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो हॉरर और सस्पेंस से भरपूर है। आइए जानें आप यह वेब सीरीज कब और कहां देख पाएंगे।

'खौफ' का प्रीमियर 18 अप्रैल से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'जो दिखता है, जरूरी नहीं वो सच हो।' पंकज कुमार और सूर्या बालाकृष्णन ने मिलकर इस सीरीज का निर्देशन किया है।

संजय राउत्रे और सरिता पाटिल इसके निर्माता हैं। इसमें प्रियंका सेतिया, रश्मी जुरैल मान, रिया शुक्ला, आशिमा वरदान, शालिनी वत्स, गगन अरोड़ा और सत्यम शर्मा जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे।

हॉलीवुड मसाला

'ओपेनहाइमर' देख डर जाएंगे

लॉस एंजिलस। हमारी दुनिया आज जैसी है उसे वैसा बनाने में कई लोगों ने योगदान दिया है। कई बेहतरीन दिमाग लगे हैं आज हमें यहां तक पहुंचाने के लिए। उनमें से कुछ बुरे थे, कुछ बस अपना काम कर रहे थे। ऐसा ही कुछ ओपेनहाइमर के साथ हुआ था। वही ओपेनहाइमर जिन्होंने दुनिया का पहला परमाणु बॉम्ब बनाया। ये फिल्म एक सिनेमैटिक मास्टरपीस है। हर फ्रेम, हर डीटेल और सीन-सीक्वेंस के साथ नोलन आपका दिल जीत लेंगे। एक-एक सीक्वेंस का बिल्डअप आपकी धड़कनें बढ़ाता है। आपके रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

प्राइम वीडियो की 'पिक्चर दिस' में भरा है ड्रामा-रोमांस व सस्पेंस

लॉस एंजिलस। ब्रिटिश एक्ट्रेस सिमोन एशली हॉलीवुड का जाना माना नाम बन गई हैं। नेटफ्लिक्स की फेमस सीरीज 'ब्रिजरटन' में केट शर्मा का रोल निभाकर छाने वाली सिमोन अब एक नई फिल्म के साथ प्राइम वीडियो पर आ गई हैं। सिमोन एशली की नई फिल्म का नाम है 'पिक्चर दिस'। ये कहानी लंदन में रह रही इंडियन फैमिली से आई लड़की पिया (सिमोन एशली) की है। पिया, 30 साल की होने वाली है और अपना फोटो स्टूडियो चलाती है। उसके साथ उनका दोस्त जे (ल्यूक फेदर्सटन) है। दोनों साथ में बिजनेस करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बात नहीं बन रही। पिया के पास है उसकी मां लक्ष्मी (सिंधु वी), पिता मुकुल (आदिल रे) और छोटी बहन सोनल (अनुष्का चड्ढा)। सोनल की शादी होने वाली है और ऐसे में लक्ष्मी चाहती है कि उसकी बेटी पिया के भी हाथ पीले हो जाएं. लेकिन पिया का शादी का कोई इरादा नहीं है, वो बस अपने स्टूडियो को बड़ा बनाना चाहती है।



तब्बू की 5 साल बाद साउथ में वापसी

मुंबई। तब्बू को पिछली बार अजय देवगन के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में देखा गया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर पर उनकी यह फिल्म नहीं चली। इससे पहले आई तब्बू की फिल्म 'क्रू' ने टिकट खिड़की पर खूब धमाल किया था। तब्बू न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि साउथ में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं और अब वह एक और दक्षिण भारतीय फिल्म से जुड़ गई हैं, जिसमें उनके साथ विजय सेतुपति नजर आएंगे। साउथ के स्टार विजय सेतुपति को अभिनय का स्कूल कहा जाता है। उनकी फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ समय से वह एक पैन इंडिया फिल्म को लेकर चर्चा में है। हालांकि, इसका नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस फिल्म के निर्माताओं ने अब इसमें तब्बू का स्वागत किया है।

सलमान की 'सिकंदर' हुई फ्लॉप...

मुंबई। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' ईद के खास मौके पर यानी 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। उनकी इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को बड़ी उम्मदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई घटती जा रही है। आलम यह है कि 12वें दिन इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई है। आइए जानें अब तक 'सिकंदर' ने कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'सिकंदर' ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 75 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 107.85 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में 'सिकंदर' ने 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।

टीवी मसाला

'बालिका वधू' व 'अस्तित्व' फेम गजरा इस शो से कर रहीं टीवी पर वापसी

मुंबई। मशहूर पटकथा लेखक गजरा कोट्टारी टीवी शो 'बालिका वधू' और 'अस्तित्व' के लिए जानी जाती हैं। वह जल्द ही दंगल टीवी पर एक शो के साथ वापसी कर रही हैं। यह शो कन्नड़ भाषा के शो 'कोगिल' पर आधारित है। लेखिका गजरा कोट्टारी ने पहले टीवी की दुनिया की आलोचना करते हुए इसे छोड़ दिया था, जिससे लोग हैरान रह गए थे। तकरीबन डेढ़ साल बाद वह टीवी लेखन में लौट रही हैं। गजरा कोट्टारी ने डेली आई से बातचीत में अपने सफर के बारे में बताया है आइए जानते हैं।

क्या है 'ऐ दिल...जी ले जरा' की कहानी?

गजरा कोट्टारी 'ऐ दिल...जी ले जरा' से टीवी पर वापसी कर रही हैं। गजरा कोट्टारी ने 'ऐ दिल...जी ले जरा' के बारे में कहा कि इसे लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। डेढ़ साल के बाद यह उनका पहला शो है। यह उनकी मूल कहानी का रूपांतरण है। ये कहानी कुछ साल पहले उदय टीवी पर लगभग तीन साल तक चली थी। इसका नाम 'कोगिल' था। यह एक लड़की की कहानी है, जिसे पता चलता है कि उसे गोद लिया गया है और वह मर रही है। वह एक म्यूजिक रियलिटी शो में भाग लेती है। उसे जिंदा रहने के लिए उन्हीं माता-पिता की मदद की जरूरत है, जिन्होंने उसे अस्वीकार कर दिया था। यह रिश्तों के उतार-चढ़ाव से भरी कहानी है। उनके मुताबिक उन्हें आखिरकार एक चैनल और एक निर्माता मिल गया, जो इसे हिंदी में बनाने के लिए तैयार है।

इसलिए गजरा ने की वापसी

गजरा कोट्टारी से ये पूछे जाने पर कि ऐसी कौन सी चीज थी जिसने उन्हें दोबारा लिखने के लिए प्रेरित किया? उन्होंने बताया कि 'अतीत के गौरव का आनंद लेना आसान है, लेकिन मैं अपने पिछले अच्छे काम जितना ही अच्छी हूं। मैं आज के समय में प्रासंगिक बने रहना चाहती हूं। मैं अभी रिटायर होने के लिए तैयार नहीं हूं। मेरा मानना है कि लेखन एक ऐसी चीज है जो उम्र के साथ बेहतर होती जाती है। यह जीवन भर के सीखे हुए अनुभवों को दर्शाती है।

ओटीटी में लिखने के लिए फिट हैं गजरा

गजरा कोट्टारी ने ओटीटी के बारे में बात करते हुए कहा 'टीवी के लोगों और लेखकों के बीच बहुत डर है कि ओटीटी की तुलना में टीवी दर्शकों की संख्या में गिरावट आ रही है। थीम और विषयों के मामले में जोखिम उठाने में कमी आई है। कुछ लोगों को एहसास हो रहा है कि लगातार सफल फॉर्मूले दोहराना उल्टा है, इसलिए प्रयोग शुरू हो गए हैं। ओटीटी के लिए लिखने वाले में टीवी के लिए लिखने वालों के लिए एक अलग पूर्वाग्रह था। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म को एहसास हो गया है कि उन्हें बड़े पैमाने पर दर्शकों को आकर्षित करने की जरूरत है, तो वे लंबी सीरीज फॉर्मेट के साथ प्रयोग कर रहे हैं।

'छोरी 2' रिव्यू: सोहा की वापसी दमदार, नुसरत भी तालियों की हकदार

मुंबई। बॉलीवुड में रीमेक बनाने का चलन बहुत पुराना है। नुसरत भरूचा और मीता वशिष्ठ अभिनीत 'छोरी' भी मराठी फिल्म 'लपाछपी' का रीमेक थी, जो डराने के साथ-साथ भ्रूण हत्या को लेकर अहम संदेश दे गई थी। साल 2021 में आई इस फिल्म का सीक्वल 'छोरी 2' लंबे समय से चर्चा में था। शुक्रवार यानी 11 अप्रैल को नुसरत और सोहा अली खान अभिनीत 'छोरी 2' अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। 'छोरी 2' की कहानी 'छोरी' के 7 साल बाद के समय से शुरू होती है। साक्षी (नुसरत) ने 7 साल पहले अपने सास-ससुर और पति को मार दिया था। उसकी छोरी ईशानी (हार्दिका शर्मा) बड़ी हो चुकी है। ईशानी को सोलर अटिकेरिया नाम की गंभीर बीमारी है, जिसके चलते वह सूरज की रोशनी में नहीं जा सकती। उसके पिता ने उसके पीछे शैतानी शक्तियां लगाई हैं। बेटी को मौत के बवंडर से साक्षी कैसे बचाती है, यह देखने लायक है।

सोहा निकलीं सरप्राइज पैकेज

यह फिल्म न सिर्फ अलौकिक शक्तियों और भूतिया सस्पेंस से भरी है, बल्कि लैंगिक भेदभाव जैसे गंभीर मुद्दे को भी छूती है। यह मां की अपने बच्चे को बचाने की जद्दोजहद को दिखाती है, जो रोंगटे खड़े कर देने के साथ-साथ भावुक भी कर देती है। फिल्म में सोहा ने सरप्राइज दिया है। उन्होंने शानदार वापसी की है। वह फिल्म की खलनायिका है, जो अपने खौफनाक अंदाज से डराने का माद्दा रखती है और यही उनके किरदार की जीत है।

खूब दमकीं सोहा और नुसरत : फिल्म में सोहा दासी मां की भूमिका में हैं, जो अपनी वापसी से अदाकारी की एक लंबी लकीर खींच जाती हैं। न तो पहले सोहा कभी पर्दे पर खलनायकी करती दिखी थीं और ना ही उनका ऐसा भयानक अवतार सामने आया था। अदाकारी के मोर्चे पर सोहा अव्वल नंबर रहीं। कुल मिलाकर ओटीटी पर ही सही, पर सोहा का सूरज चमक उठा है। उधर नुसरत ने अपनी अदाकारी का वो सिक्सर जड़ा है, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा।

'क्लीन अप क्रू' की पहली झलक आई सामने

मुंबई। *भोजपुरी सिनेमा के मशहूर अभिनेता रवि किशन पिछली बार फिल्म 'डाकू महाराज' में नजर आए थे। इस फिल्म में भले ही उनका किरदार बेहद छोटा, लेकिन बहुत अहम था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इन दिनों रवि अपनी आगामी वेब सीरीज 'क्लीन अप क्रू' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आखिरकार अब 'क्लीन अप क्रू' से रवि की पहली झलक सामने आ गई है।*

खून से लथपथ दिखे रवि

'क्लीन अप क्रू' के पहले पोस्टर में रवि का धांसू अवतार दिख रहा है। वह खून से लथपथ चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी आंखों में गुस्सा साफ दिख रहा है। जियो स्टूडियो ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'लुक आउट हो गया है! कहानी? अभी भी रहस्य में!' इसमें रवि का अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा। यह वेब सीरीज कब और कहां रिलीज होगी, फिलहाल यह जानकारी सामने नहीं आई है।

'लाहौर 1947' को जून महीने में रिलीज किया जाएगा

'लाहौर 1947' से लेकर 'सफर' तक, दर्शकों का मनोरंजन करेंगे सनी देओल

मुंबई। *सनी देओल पिछली बार फिल्म 'गदर 2' में नजर आए थे। हमेशा की तरह इस फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी यह शानदार कमाई करने में सफल रही है। यह सनी के करियर की की सबसे कमाऊ फिल्म बनकर उभरी। इन दिनों सनी फिल्म 'जाट' में नजर आ रहे हैं, जिसने 9.50 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला है। आइए सनी की आगामी फिल्मों पर एक नजर डालते हैं।*

'लाहौर 1947'

'जाट' के बाद सनी फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशक राजकुमार संतोषी हैं। दोनों की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को 'घायल' और 'दामिनी' जैसी हिट फिल्में दी हैं। 1996 में आई फिल्म 'घातक' के लिए सनी और संतोषी आखिरी बार साथ आए थे। खास बात यह है कि आमिर खान इस फिल्म पर पैसा लगा रहे हैं। फिल्म में सनी के साथ अभिनेत्री प्रीति जिंटा नजर आएंगी। 'लाहौर 1947' को जून, 2025 में रिलीज किया जाएगा।

'बॉर्डर 2'

सनी की फिल्म 'बॉर्डर 2' भी कतार में है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है, जिसका निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। इस फिल्म में वरुण धवन भी मुख्य भूमिका में होंगे। दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अनुराग सिंह ने संभाली है, वहीं भूषण कुमार इसके निर्माता हैं। यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर यानी 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'रामायण: पार्ट 1'

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' पिछले लंबे समय से चर्चा में है। ऐलान होने के बाद से ही यह फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम तो साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं, वहीं हनुमान के किरदार के लिए सनी को चुना गया है। 'रामायण' का पहला दिवाली, 2026 में रिलीज किया जाएगा, वहीं इसका दूसरा भाग 2027 में दिवाली के मौके पर ही दर्शकों के बीच आएगा।

'सफर'

सनी के हाथ में फिल्म 'सफर' भी है। इस पारिवारिक ड्रामा फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें सनी एक एक पारिवारिक व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं, जो जीवन की चुनौतियों के कारण हर पल का आनंद लेना सीखता है। इस फिल्म में सनी के अलावा दर्शन जरीवाला और सिमरन बग्गा जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। 'सफर' सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। फिल्म का काम फिलहाल शुरुआती चरण में है।

13-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 4/13/2025 8:44 PM Page 1

खबर संक्षेप

डा.अंबेडकर जयंती पर शराब दुकानें बंद करने की मांग

जांजगीर-चांपा। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर जयंती आयोजन समिति द्वारा जिले में स्थित शराब दुकानों को एक दिन के लिए बंद रखने की मांग की है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने एक रैली निकालकर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल तक मार्च किया और फिर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। समिति का कहना है कि बाबा साहेब की जयंती एक पवित्र और गरिमामयी आयोजन है, जिसमें सामाजिक समरसता, शिक्षा, और संविधान के मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। ऐसे आयोजनों में शराब जैसे नशे के कारण अक्सर हुड़दंग और अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे कार्यक्रम की गरिमा प्रभावित होती है।

महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। 18 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस जांजगीर द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांजगीर एसडीओपी यदुमणी सिदार के कुशल मार्ग दर्शन में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा आरोपी दाउराम उर्फ कोंदा निवासी ग्राम देवरी थाना शिवरीनारायण के कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 36 सौ को बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध व धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

नाबालिग को डॉक्टर पिता पुत्र ने पीटा, मामला दर्ज

अकलतरा। नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी स्वप्निल जैन के द्वारा थाना रोड में मकान का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन मकान के बगल में डॉक्टर एके गुईन का क्लीनिक है। निर्माणाधीन मकान के तीसरी मंजिल के दीवार में प्लास्टर कराए जाने के पूर्व डॉक्टर ए के गूईन ने निर्माण शुरू करने से पहले अनुमति लेने की बात कही थी। 10 अप्रैल को शाम 5:30 बजे स्वप्निल जैन का 17 वर्षीय पुत्र डॉक्टर से अनुमति लेने क्लीनिक पहुंचा।क्लीनिक के अंदर जाने पर डॉक्टर एके गुईन के पुत्र डॉक्टर आदित्य गुईन ने बहस शुरू कर - दी। क्लीनिक में क्यों आए हो, कहकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर डॉक्टर आदित्य, उनके पिता डॉक्टर एके गुईन और क्लीनिक के दो स्टाफ ने मिलकर नाबालिग की बुरी तरह पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान नाबालिग की जेब से 1800 रुपए नकद और सोने की अंगूठी छीन ली गई। हमले में उसके सिर और कान में गंभीर चोटें आईं। वह बेहोश होकर क्लीनिक में ही गिर गया। परिजनों ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने मेडिकल जांच करवाई।

निधन

नीरज तिवारी

मनेन्द्रगढ़। नदीपार निवासी नीरज तिवारी पिता हरकेश तिवारी (गुड्डू तिवारी) उम्र 25 वर्ष का शनिवार को डोला में एक्सीडेंट हो गया था, जिसका उपचार चल रहा था, इसी दौरान रविवार को उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। स्व. नीरज का अंतिम संस्कार 14 अप्रैल सोमवार को प्रातः 9 बजे निज निवास नदीपार से आमाखेरवा मुक्तिधान के लिए लिए रवाना होगी।



शोभायात्रा में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी हुए शामिल

हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सर्व सनातन समाज हल्दीबाड़ी चिरमिरी के तत्वाधान में हनुमान मंदिर भैंसा दफाई हल्दीबाड़ी चिरमिरी से हनुमान मंदिर आमा नाला हल्दीबाड़ी चिरमिरी तक भव्य शोभायात्रा और हनुमान मंदिर आमा नाला में सामूहिक हनुमान चालीसा, महाआरती व विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ चिरमिरी नगर निगम महापौर रामनरेश राय, एमआईसी सदस्य और समस्त नगर निगम के पार्षद शामिल रहे। शोभा यात्रा की शुरूआत हनुमान मंदिर भैंसा दफाई से हुई, जहां राम भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही। जय श्री राम, जय जय हनुमान का जयघोष और जिधर श्रद्धा उधर राम, जिधर निष्ठा उधर राम की आस्था दिखाई दी। ज्ञात हो कि इस शोभा यात्रा आयोजन के एक दिन पूर्व केसरिया रंग से हल्दीबाड़ी चिरमिरी के पूरे मार्ग को सजा दिया गया था, लहराते हनुमान जी का प्रतीक पताका आस्था और विश्वास बनकर सनातन धर्म में जान फूक रहा था। उल्लेखनीय है कि भव्य शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुन में नाचते हनुमान भक्त हनुमान जन्मोत्सव में आस्था का संचार करते दिखे। इस दौरान शोभायात्रा में भक्तों का हल्दीबाड़ी पेट्रोल पंप और पंजाब नेशनल बैंक के पास स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में निगम महापौर और पार्षदों की मौजूदगी में फूलों की वर्षा की गई। यात्रा में शामिल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी भक्ति रंग में में डूबे नजर आए, इससे पहले भी विधानसभा के दौरा कार्यक्रम में विधानसभा के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर राम भक्त भगवान हनुमान जी के दर्शन का लाभ लेते हुए आशीर्वाद प्राप्त किए थे, लेकिन यहां उनकी भक्ति में आस्था का एक-एक रंग दिखाई दिया, शोभायात्रा में जयघोष के साथ पैदल यात्रा कर रहे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब मैं इस यात्रा में शामिल हुआ हूं, इससे पहले भी हर साल शोभा यात्रा में शामिल होता रहा हूं। दरअसल आज की शोभा यात्रा सनातन धर्म की पहचान को दिखाता है। भगवान हनुमान जी का राम जी के प्रति प्रेम, भक्ति और समर्पण हम सनातनियों के लिए प्रेरणा दायक है। हमें सीखना चाहिए कि किस तरह से हनुमान जी ने राम जी की सेवा की है। मैं जो कह रह हूं यह हमारे धार्मिक ग्रंथ रामायण में अक्षरशः लिखा हुआ है। हम सबकी संस्कृति, विरासत में मिली है, लेकिन आधुनिकता के दौर में आज के बच्चे इन चीजों से दूर हो रहे हैं, जबकि हमारा धार्मिक ग्रंथ सिर्फ ग्रंथ ही नहीं है बल्कि जीवन रूपी यात्रा में मार्ग प्रशस्त करने वाला मार्ग दर्शक है। कार्यक्रम में नगर निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, भाजपा चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारिका जायसवाल, रीत जैन, बबलू शर्मा, राजू नायक, निगम चिरमिरी के समस्त पार्षदगण, चिरमिरी मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में चिरमिरी के भक्तजन मौजूद रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह बांटे गए प्रसाद

मनेन्द्रगढ़। शहर के जोड़ा तालाब स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जी की जयंती के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को मंदिर परिसर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में श्री हनुमान जी महाराज को चोला चढ़ाया गया। साथ ही मंदिर में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर आहुतियां दी।

इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, गौरव गुप्ता, हफीज मेमन, सौरव गुप्ता, अचला गुप्ता, रुचि गुप्ता, दिनेश द्विवेदी, विनीत जायसवाल, कृष्णा वस्त्रकार, शिव यादव, रविन्द्र सोनी, विजय पाठक, अमित श्रीवास्तव, इरशाद अंसारी, सोनल अग्रवाल सहित काफी लोग मौजूद रहे।

मंदिरों में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन

शनिवार को शहर के हनुमान मंदिरों में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान राम और उनके परम भक्त मारूतिनंदन हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद दोपहर में मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के जोड़ा तालाब स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर, आमाखेरवा हनुमान मंदिर, सिरौली हनुमान मंदिर के साथ अन्य सभी मंदिरों में भगवान की जयंती भक्तों ने धूमधाम से मनाई। रामचरित मानस के अखंड पाठ और संगीतमय सुंदरकांड कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया था। भगवान की झांकी भी सजी थी। झांकी को निहारते ही श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और हनुमान के जयकारे लगाए साथ ही मंदिर परिसरों में हवन भी कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आहुतियां दीं।

श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना

बिजुरी। क्षेत्र स्थित कोरजा हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर धार्मिक उल्लास एवं भक्ति भाव से परिपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः काल भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें नगरवासियों ने काफी संख्या में भाग लिए। शोभायात्रा में झांकियों, बैंड-बाजों और भक्तों की टोली ने भक्ति के रंग में रंगे नगर को एक नई ऊर्जा प्रदान की। मंदिर प्रांगण में हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना के बाद श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं भक्तों द्वारा सुंदरकांड एवं रामकथा का भावपूर्ण पाठ किया गया। श्रद्धालु ने रामभक्ति में लीन होकर धार्मिक वातावरण को और भी पावन बना दिया। कार्यक्रम के पश्चात नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी खेडिया परिवार द्वारा भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से नगरवासियों ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर समिति व खेडिया परिवार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की चारों ओर सराहना हो रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर के युवाओं व सामाजिक संगठनों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

चरचा कॉलरी। कोयलांचल क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी श्रद्धालु वीर बजरंगी का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने घरों में ध्वज लगाया। चरचा के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में सवा क्विंटल लड्डू का भोग लगाया गया और शाम के समय भव्य खिचड़ी भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हनुमानजी की पूजा-अर्चना की और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जयंती के अवसर पर चरचा क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला।

रामचरित मानस गायन वादन 56 वां महासम्मेलन

बैकुण्ठपुर। श्री-श्री हनुमान जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा झंडा वाला श्री रामचरित मानस गायन वादन 56 वां महासम्मेलन 12 अप्रैल को ग्राम चिरगुड़ा (पटना) में संपन्न हुआ। आयोजन को लेकर कृपाल राम राजवाड़े द्वारा बताया गया कि सम्मेलन के प्रथम दिवस बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े श्री हनुमान जी का पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय समिति के समस्त पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक, माताएं-बहने एवं प्रतिभागी मंडलियां उपस्थिति रही। गौरतलब है कि यह महासम्मेलन चार दिवसीय है, जिसका समापन 15 अप्रैल को होगा। इस महासम्मेलन में 100 से ऊपर मंडलियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता प्रत्येक दिवस सायं 7 बजे से प्रारंभ होकर प्रातः काल तक चलता है। आयोजक समिति के द्वारा समस्त प्रतिभागी मंडलियों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि चैत्र पूर्णिमा झंडा वाला प्रतियोगिता के लिए क्षेत्रीय विधायक श्री राजवाड़े के द्वारा 51000 रूपए का नगद सहयोग राशि दिया जाता है, साथ ही ग्रामवासियों का आर्थिक रूप से एवं व्यवस्था में बहुत ही सहयोग होता है, जिसके द्वारा कार्यक्रम बहुत ही सुचारू रूप से संपन्न होता है।

चनवारीडांड़ के सिद्ध हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव

बैकुण्ठपुर। मनेन्द्रगढ़ के नजदीक चनवारीडॉड़ के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमानजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हनुमानजी की पूजा-अर्चना, महाआरती, सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, डाक्टर स्नेहा सिंह, चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन, मंत्री संजीव ताम्रकार, सरपंच सोनू दीदी , जनपद सदस्य रविशंकर वैश्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। पिछले कई सालों से चनवारीडॉड़ के गौटियापारा में स्तिथ सिद्ध बाल हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी यह धूमधाम से मनाया गया। आयोजन को सफल बनाने में पुरूष समिति के सतीश गुप्ता, भूपेन्द्र भंडारकर, बद्री प्रसाद बारी, ज्ञानी प्रसाद, लालबाबू पासवान, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुमित, हरिओम, समीर, रूपेश सोंधिया, तरूण, दीपक, प्रकाश सोंधिया, विराट, कान्हा, विनोद, ओम यादव, आयुष के अलावा महिला समिति की श्रीमती विमला शुक्ला, निधि वर्मा, अनीता सिंह, पुष्पा भंडारकर, प्रेमलता गुप्ता, तारा, मीरा, संतोषी, ऑचल, रिंकी, सरोज, दीपिका, डिंकी का योगदान रहा।

पीजी कॉलेज के वाटर कूलर में मरी छिपकली, पानी पीकर बच्चे बीमार

वाटर फिल्टर में छिपकली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कॉलेज के वाटर फिल्टर में मरी हुई छिपकली मिलने का मामला

- मतली और मुंह में लार आने की शिकायत, सूचना के बाद भी नहीं कराई गई थी सफाई

सामने आया है। वाटर कूलर में मरी हुई छिपकली के कारण दूषित पानी पीकर कई छात्र छात्राओं की तबीयत खराब हो गई और उनके मुंह में लार के साथ ही मतली आने लगी।

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद छात्र नेताओं ने मौके पर पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। हैरानी की बात तो यह है कि छिपकली मरने की जानकारी एक दिन पूर्व ही कॉलेज की प्राचार्य को दी गई थी लेकिन इसके बाद ही वाटर कूलर की सफाई नहीं कराई गई। बताया जा रहा है कि शनिवार को शासकीय पीजी कॉलेज में कुछ छात्र छात्राओं ने कॉलेज परिसर में लगे वाटर कूलर का पानी पिया था। पानी से तेज दुर्गन्ध आने लगी तो छात्र छात्राओं ने पानी को फेंक दिया और इसकी जानकारी कॉलेज की प्राचार्य व प्राध्यापकों को दी। इसके साथ ही मामले की जानकारी मिलने के बाद छात्र नेता रचित मिश्रा भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान जो जानकारी सामने आई है उसे कॉलेज प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है। छात्र छात्राओं का कहना है कि वाटर फिल्टर में छिपकली मरा होने की जानकारी 11 अप्रैल को ही प्राचार्य को दी गई थी लेकिन इसके बाद भी उन्होंने फिल्टर की सफाई नहीं कराई। पानी में मरी हुई छिपकली होने की जानकारी से अनजान दूसरे छात्र छात्राओं ने शनिवार को फिर से पानी पी लिया। पानी पीने के बाद उन्हें मतली लगने लगी और मुंह से लार निकलने लगा। वहीं छात्र छात्राओं का कहना है कि कॉलेज में कुल 6 वाटर फिल्टर लगे हुए है और हैरानी की बात तो यह है कि इनमें से 5 वाटर फिल्टर खराब है। कुछ फिल्टर पूर्ण रूप से बंद है तो कुछ में गंदा और पानी आता है। इसके साथ ही कुछ वाटर फिल्टर को शौचालय के समीप लगा दिया गया है जहां से हर समय बदबू आती रहती है। इस संबंध ने छात्र नेता रचित मिश्रा ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी वाटर फिल्टर की सफाई नहीं कराई गई जबकि शेष वाटर फिल्टर भी खराब पड़े हुए है। दूषित पानी पीकर छात्र छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। कॉलेज प्रबंधन द्वारा जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है और इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर की जाएगी।

कराई जाएगी सफाई

वाटर कूलर में छिपकली निकलने की शिकायत मिलने के बाद उसकी सफाई कराने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जांच कर लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ. स्नेहलता श्रीवास्तव, प्राचार्य

स्किम्ड मिल्क, एसिडिक एसिड के साथ ही शिया बटर का उपयोग कर बना रहे पनीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शादी पार्टियों में मिलने वाले पनीर को अगर आप भी बड़े चाव से खाते है तो एक बार इस बात का ध्यान रख लें कि कहीं ये पनीर मिलावटी या नकली तो नहीं है। ऐसा इस लिए क्यों की शहर में बड़े पैमाने पर नकली पनीर बनाने का कारोबार चल रहा है। स्कीम मिल्क, एसिडिक एसिड के साथ ही सिया बटर का उपयोग कर पनीर बनाया जा रहा है।

बीती रात जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में इस बात का खुलासा हुआ है। टीम ने इस फर्म को सील कर दिया है लेकिन बड़ी बात यह है कि इसी तरह के कई अन्य फर्म भी है को दूध पावडर से

कार्रवाई करते अधिकारी।

पनीर बनाने का काम कर रहे है और इसमें केमिकल मिलाया जा रहा है। बता दें कि शुक्रवार की देर रात शहर के बिशुनपुर खुर्द में छापेमार कार्रवाई की गई। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और पुलिस की टीम ने जब बिशुनपुरखुर्द पंचायत भवन के समीप संचालित डेयरी फर्म में छापा मारा तो उनके होश उड़ गए। सागर डेयरी फर्म में बड़े पैमाने पर पनीर का निर्माण किया जा रहा था और इस पनीर को बनाने के लिए केमिकल का उपयोग भी किया जा रहा था। जांच के दौरान डेयरी फर्म में भारी गंदगी देखने को मिली इसके साथ ही डेयरी फर्म का लाइसेंस भी कालातीत हो चुका था। संस्थान का लाइसेंस एक साल पहले ही निरस्त हो गया था लेकिन इसके बाद भी फर्म का संचालन किया जा रहा था। संस्थान में फ्रेश मलाई पनीर के नाम से पनीर का उत्पादन करने के बाद उसकी पैकेजिंग की जा रही थी। मौके पर टीम ने 150 किलोग्राम पनीर जब्त किया है। इसके साथ ही संस्थान को सील कर दिया गया है। अधिकारियों द्वारा पनीर का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

सवा 2 लाख के नशीला इंजेक्शन गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 210 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन, 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 2 लाख 24 हजार रूपए का सामान बरामद किया है।

एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि 11 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि घुटरापारा नहर मोड़ के पास विक्रम गढ़वाल नामक व्यक्ति नशीला इंजेक्शन और गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घुटरापारा नहर मेड़ रोड के पास घेराबंदी आकर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान खैरबार पुराना पंचायत भवन रोड निवासी 40 वर्षीय विकम गढ़वाल आ. रूपसाय गढ़वाल के रूप में की गई। आरोपी के पास रखे सफेद झोले की तलाशी लेने अपर उसमें से कुल 210 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन और 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्त इंजेक्शन की कीमत 2 लाख 10 हजार रूपए जबकि गांजा की कीमती लगभग 14 हजार आंकी गई है।

रांची (कॉके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

8 माह से फरार धोखाधड़ी के आरोपी को मुंबई से पकड़ा

जांजगीर-चांपा। 8 माह से फरार धोखाधड़ी के आरोपी को मुंबई से पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मामला 10 सितंबर का है। प्रार्थी सतेंद्र पटनवार, निवासी कोरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भांजे अमन कौशिक ने आरोपी अनुराग राठौर एवं उसके अन्य साथियों को कुल 1.60 करोड़ उधार दिए थे। जब अमन ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने उसे धोखा देकर पैसे नहीं लौटाए और लगातार प्रताड़ित करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाया। मानसिक रूप से परेशान होकर अमन ने विष सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पृष्ठ 1 का शेष

खरमास खत्म : अब मांगलिक कार्य होंगे शुरु

शादी घर, डीजे, बैंड व अन्य की एडवांस बुकिंग-

खरमास भले ही आज से समाप्त हो रही है, लेकिन विवाह करने के लिए लोग पहले से ही एडवांस में शादी घर, डीजे, केटरर, फोटोग्राफर व अन्य जरूरी सुविधाओं की बुकिंग कर रखी है,ताकि शुभ मुहूर्त की शुरूआत होने के साथ ही विवाह समारोह की तैयारी पूरी हो सके और अंतिम समय में किसी तरह की कोई परेशानी न हो। आज कल शादी-विवाह में बैंड बाजे की मांग में कमी आई है,अब ज्यादातर शादियों में डीजे की मांग अधिक रहती है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
ऑपरेशन द्वारा ईलाज
नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
दांतो की नसों का इलाज
दांतों की सफाई व चमकाना
दंत प्रत्यारोपण
मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन